तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री


न्यूनतम 16.8 डिग्री

# हरिभूमि बेमेतरा भूमि

रायपुर, मंगलवार 28 अक्टूबर 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

12 जर्जर आंगनबाड़ी भवन में नौनिहालों की सुरक्षा पर बड़ा खतरा



10 702 परिवारों पर बेदखली का खतरा, जगह ...



## खबर संक्षेप

### नशेड़ियों ने सिपाहियों को पीटा, पांच गिरफ्तार

**भिलाई।** दुर्ग जिले के जामुल थाना क्षेत्र में बीच सड़क पर शराब पार्टी कर रहे युवकों ने पुलिसकर्मियों से मारपीट कर दी। घटना तब हुई जब डायल-112 की टीम ने उन्हें सड़क पर शराब पीने से मना किया। युवकों ने न केवल पुलिसकर्मियों से हाथापाई की, बल्कि डायल-112 वाहन की चाबी भी छीन ली और करीब 40 मिनट तक घेरकर रखा। जामुल थाना प्रभारी रामेंद्र सिंह ने बताया कि घटना 23 अक्टूबर की रात की है। पुलिस की पेट्रोलिंग टीम रावणभाठा क्षेत्र में झगड़े की सूचना पर गई थी। वापसी के दौरान शिवपुरी मोड़ के पास सड़क किनारे खड़ी कार में कुछ युवक तेज आवाज में गाना बजाकर शराब पी रहे थे। जब डायल-112 के जवानों ने उन्हें समझाने की कोशिश की, तो युवक भड़क गए और गाली-गलौज करते हुए पुलिसकर्मियों पर हमला कर दिया। आरोपियों ने करीब 40 मिनट तक पुलिसकर्मियों को घेरकर रखा। बाद में अतिरिक्त बल पहुंचने पर स्थिति नियंत्रित की गई।

### एक सप्ताह में 38 आरोपी आर्म्स एक्ट में गिरफ्तार

**दुर्ग।** दुर्ग जिले में शांति और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने तथा अपराधों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से दुर्ग पुलिस ने विगत एक सप्ताह में लगातार कार्रवाई की है। इस दौरान धारदार हथियार लेकर लोगों को डराने-धमकाने, अशांति फैलाने और उपद्रव करने वाले आरोपियों को चिन्हित कर गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने कुल 38 आरोपियों को आर्म्स एक्ट की धारा 27-27 के तहत गिरफ्तार कर उनके कब्जे से धारदार हथियार जब्त किए।

### चाय के लिए पैसे मांगने पर की हत्या

**दुर्ग।** रेलवे स्टेशन के पास हुई एक रहस्यमय हत्या का पुलिस ने पर्दाफाश कर दिया है। महज कुछ पैसों के विवाद ने एक निर्दोष व्यक्ति की जान ले ली। इस मामले में थाना मोहन नगर पुलिस ने दो नाबालिग सहित 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार 20-21 अक्टूबर की दरम्यानी रात करीब 2:30 बजे दुर्ग रेलवे स्टेशन के पास एक अज्ञात व्यक्ति की चाकू मारकर हत्या कर दी गई थी। शव मिलने की सूचना पर थाना मोहन नगर में मर्ग कायम कर धारा 103(1), 311, 3(5), 111(3)(ख) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों की तलाश के लिए विशेष टीम गठित की। जांच के दौरान रेलवे स्टेशन और आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए। फुटेज से कुछ संदिग्ध युवक नजर आए, जिनकी पहचान सिकोला भाठा और सिकोला बस्ती के होने की पुष्टि हुई। इसके बाद पुलिस ने संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में उन्होंने चौंकाने वाला खुलासा किया। 20 अक्टूबर की रात सभी आरोपी चाय पीने के लिए रेलवे स्टेशन पहुंचे थे।

# डिजिटल क्राप सर्वे में गड़बड़ी की शिकायत, खड़ी धान फसल को बताया टमाटर की खेती

## गैरशासकीय युवकों की रिपोर्ट तैयार करने पर लगा सवालिया निशान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा/थान खम्हरिया

तहसील क्षेत्र मे धान खरीदी के पूर्व गिरदावली रिपोर्ट तैयार करने इस बार डिजिटल क्राप सर्वे पटवारीयो के माध्यम से गैरशासकीय युवको से कराई गयी है जिसकी गङबङी का मामला सामने आने लगा है।समीपस्थ ग्राम बनरांका के किसान अजय शर्मा के ग्राम टिपनीशके कृषि भूमि खसरा नं 212/3 जिसमे धान की फसल खङी है उक्त भूमि के 25 आरए रकबे को प्रकाशित सूचि मे टमाटर फसल बताया गया है। अब किसान गिरदावली रिपोर्ट सुधारने पटवारी का चक्कर लगा रहा है।सनद रहे इस प्रकार के समूचे तहसील क्षेत्र मे गङबङी के अनेक मामले सामने आने लगे है जिससे किसान परेशान दिखने लगे है वही पटवारीयो के मुख्यालयो मे नही रहने से भी राजस्व संबंधी मामलो का निपटारा भी नही हो पा रहा है। इधर डिजिटल सर्वे को लेकर प्रशासन ने खूब डींगे हांकी थी जिसकी पोल भी खुलते दिखाई पङ रहा है।

**किसानों का राजस्व कार्य भी प्रभावित:** तहसील क्षेत्र के पटवारीयो के मुख्यालय मे नही रहने से किसानों के राजस्व कार्य भी प्रभावित हो रहा है वही गिरदावली रिपोर्ट मे गङबङी की सुधार भी नही हो पा रहा है।ग्राम बनरांका निवासी अजय शर्मा के ग्राम टिपनी स्थित कृषि भूमि खसरा नं 212/3 रकबा 25 आरए मे धान की फसल खङी है परंतु सर्वेक्षण मे टमाटर की खेती लिखने के बाद वह पटवारी के चक्कर काट रहा है। इस प्रकार सर्वे कार्य भारी गङबङी की आशंका भी जताई जा रही है।



### गड़बड़ी से किसान परेशान

गौरतलब है कि प्रदेश में धान खरीदी प्रारंभ होने से पूर्व खरीफ फसलो की गिरदावली रिपोर्ट तैयार कर इस बार डिजिटल क्राप सर्वे पटवारीयो के माध्यम से किया गया था जिससे अब हर साल की भांति इस वर्ष भी गङबङी सामने आने लगी है।पटवारीयो ने गैरशासकीय युवको को डिजिटल क्राप सर्वे कराया गया है इसलिए इसकी विश्वनीयता पर सवाल खङे होने लगा है। क्षेत्र मे कुटरचित ढंग से टमाटर, पपीता, गन्ना,सब्जी तथा केले की फसल वाले रकबे को भी धान की फसल बताया गया है वही खबर है कि अधिकांश धान की फसल को प्रकाशित सूचि मे टमाटर बताने से किसान परेशान है अब इनके समक्ष धान बिक्री को लेकर संकट पैदा हो गया है।

## धान खरीदी

### किसानों को धान बेचने तीन टोकन ही मिलेंगे, एग्रीस्टेक में पंजीयन अनिवार्य, 15 से होगी खरीदी

# 102 सहकारी समितियों के जरिये होगी खरीदी, तैयारियां शुरू

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

प्रदेश सरकार के निर्देश पर इस वर्ष भी 15 नवंबर से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की जाएगी। जिसको लेकर जिला केंद्रीय सहकारी बैंक द्वारा जिले की 102 धान खरीदी केन्द्रों में खरीदी को लेकर तैयारी की जा रही है। बताया गया कि नए आदेश अनुसार किसानों को अधिकतम तीन टोकन जारी किए जाएंगे। इनमें निरस्त किए गए टोकन भी शामिल होंगे।

वहीं धान बेचने से पहले किसानों का एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन अनिवार्य किया गया है। वहीं पिछले साल टारगेट से कम आवक को देखते हुए इस बार खरीदी का लक्ष्य बढ़ाने के बजाए घटा दिया गया है। जिले में इस बार 9,9 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी की जाएगी। इधर धान खरीदी को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए तैयारियों के तहत समिति प्रबंधक और ऑपरेटरों की ट्रेनिंग भी प्रारंभ की जा रही है।

### निरस्त टोकन भी गिने जाएंगे

मिली जानकारी के अनुसार इस बार टोकन जारी करने से पहले पुराने निरस्त टोकन की एंट्री पहले करनी होगी। इसके अलावा किसानों को मिलने वाले टोकन के निरस्त होने के बाद भी उसकी गणना की जाएगी। बताया गया कि छोटे किसानों से दो बार में एवं बड़े किसानों से अधिकतम तीन बार में खरीदी होगी। हालांकि इस दौरान उनसे खरीदी की तय मात्रा प्रति एकड़ 21 क्विंटल के हिसाब से ही ही धान लिया जाएगा।

**प्रति एकड़ 21 क्विंटल होगी धान खरीदी:** प्रदेश सरकार के निर्देश के अनुसार समर्थन मूल्य पर प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान की खरीदी की जाएगी। जिसके लिए किसानों को ऑनलाइन टोकन दिया जाएगा। समर्थन मूल्य के तहत 2369 रुपए में कामन और 2389 रुपए में ए-वोड के धान की खरीदी होगी। वहीं अंतर की राशि सीधे बैंक खाते में ही भेजी जाएगी। ज्ञात हो कि किसानों से 15 नवंबर से 31 जनवरी के मध्य खरीदी होनी है।परंतु 15 शनिवार ओर 16 रविवार छुट्टी होने से संभवतः 17 नवंबर से ही खरीदी सुचारू रूप से होने की संभावना है।



### 78 दिन चलेगी खरीदी

इस बार धान खरीदी की शुरूआत 15 नवंबर से की गई है। यह सरकारी खरीदी आगामी 31 जनवरी तक लगभग 78 दिन तक चलेगी। इस वर्ष जिला केंद्रीय सहकारी बैंक के माध्यम से 99 लाख टन धान की खरीदी का लक्ष्य रखा गया है। संभावना है कि इससे भी अधिक खरीदी जिले में की जाएगी। ऐसे में पिछले साल का रिकार्ड टूटने के साथ ही खरीदी का एक नया रिकार्ड जिले में स्थापित होगा।

### किसानों ने कराया पंजीयन

जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के नोडल अधिकारी श्री वारे ने बताया कि बीते वर्ष 1 लाख 57 हजार किसानों से धान की खरीदी की गई थी। वहीं इस वर्ष धान विक्रय के लिए अब तक 1 लाख 56 हजार से अधिक किसानों ने अपना पंजीयन कर लिया है। वहीं उन्होंने बताया कि पंजीयन के लिए 31 अक्टूबर तक की अंतिम तिथि है। ऐसे में लगभग एक से दो हजार किसान का पंजीयन ओर हो सकता है ।

# दफ्तरों एवं घरों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम फेल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

गिरते जल स्तर को बचाने की मुहीम वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाकर बारिश के जल को बचाने की योजना बदहाल स्थिति में हैं। निजी भवनों की तो छोड़िए सरकारी कार्यालयों में लगे सिस्टम के क्या हालात है यह देखने की फुर्सत तक विभागों के पास नहीं। इधर, शहर में बनने वाले नए मकानों के लिए पालिका के नियम के तहत रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम की फीस तो ली जा रही है। लेकिन, निजी भवनों पर इसकी भी जांच नहीं हो पा रही है। पालिका सूत्रों ने बताया कि वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने में तेजी आई है।

पिछले तीन सालों में शहर में सैकड़ों मकानों को बनाने के लिए परमिट जारी हुए थे, उनमें रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बनना अनिवार्य किया गया है। मालूम हो कि जिले में सालाना औसत तकरीबन 1200 मिलिमीटर बारिश होती है। बावजूद इसके प्रत्येक वर्ष गर्मी के मौसम में जलसंकट की स्थिति रहती है। ऐसी स्थिति से निपटने के लिए ही रेन वाटर हार्वेस्टिंग लगाने की पहल की जाती है ताकि वर्षा जल को स्वच्छ तरीके से जमा कर वहां के भू-जलस्तर को रिचार्ज किया जा सके।



■ हर साल गर्मी के दिनों में पानी की होती है किल्लत, फिर भी नहीं दिखा रहे जागरुकता

### नए भवनों में वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बनना है अनिवार्य

नगरपालिका के अधिकारी कहते हैं कि रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम के लिए जितनी भी नई बिल्डिंग के लिए परमिशन जारी किए उसके लिए शासन और पालिका प्रशासन बेहद गंभीर है। नपाध्यक्ष विजय सिंहा ने कहा है कि अभी जितने भी भवन के लिए परमिशन जारी किए जा रहे हैं, उनमें रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम को लगाना अनिवार्य कर दिया गया है। साथ ही इसके एवज में घर बनाने वाले से 15 हजार रुपए के हिसाब से राशि पालिका द्वारा जमा कराई जाती है।

# साजा में हास्य शैली में हुआ लोक भजन और कथा संकीर्तन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| साजा

छत्तीसगढ़ की लोक सांस्कृतिक परंपराओं में श्रीहरि कीर्तन, संकीर्तन, राम कथा वाचन, श्रीमद् भागवत कथा, शिव पुराण, देवी पुराण आदि का वाचन संस्कृत आचार्यों द्वारा समय-समय पर किया जाता है।

■ गैबहोर परिवार द्वारा आयोजित कार्यक्रम में कामता प्रसाद शरण ने बांधा दर्शकों का मन

इससे जन समुदाय में आध्यात्मिक चेतना जागृत होती है। लोगों में धार्मिकता की भावनाओं से प्रेरित होकर अपने जीवन में मर्यादित, अनुशासित, पारस्परिक प्रेम, सद्भावना, सांप्रदायिक एकता के साथ रहते हुए अपने आने वाली पीढ़ियों को भी संस्कार देने में सफल होते हैं। इसी कड़ी में गैबहोर परिवार नगर पंचायत साजा के राजेश वर्मा, वासु वर्मा, आरती वर्मा द्वारा प्रदेश के लोकप्रिय कथा वाचक एवं हास्य शैली में लोक भजन गायन के जनक कामता प्रसाद शरण कोडेरादादर जिला गरियाबंद छत्तीसगढ़ का संकीर्तन नया बाजार चौक नगर पंचायत साजा के सांस्कृतिक मंच पर आयोजित किया गया। जहां देर रात्रि तक दर्शक-श्रद्धालु हास्य शैली के कथा वाचन से लोटपोट होते रहे। गैबहोर परिवार के वरिष्ठ सदस्य, लोक संस्कृति कर्मी व जनजाति शोधार्थी राम कुमार वर्मा ने बताया कि कथा गायक के प्रारंभ गैबहोर परिवार की ओर से कथावाचक कामता प्रसाद शरण सहित वादक दल के सदस्यों नीरज शरण, यशवंत यादव, कृष्ण कुमार, सेवक राम बघेल, दयाराम जगत, धनेश्वर ठाकुर का पुष्पहार द्वारा स्वागत किया गया। साथ ही ग्राम के वरिष्ठ समाजसेवी सेवानिवृत प्राचार्य दल्लू सिंह वर्मा द्वारा संकलित व राम कुमार वर्मा द्वारा संपादित गैबहोर गोत्र के 'वंशवृक्ष' के मुख्य पृष्ठ का विमोचन परिवार जनों की उपस्थिति में कथा वाचक कामता प्रसाद के कर कमल से कराया गया। ▸▸| शेष पेज 11 पर



## नेत्रहीन खिलाड़ी केपी बांधे ने दिखाया कमाल

# कठौतिया में ओपन शतरंज स्पर्धा में मोबिन फारूकी बने चैंपियन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नवागढ़

गांव कठौतिया रविवार को पूरी तरह शतरंजमय रहा। मोहरों की चालों और दिमागी दांव-पेंच के बीच हर उम्र के खिलाड़ी जब आमने-सामने बैठे तो मानो गांव का माहौल खेल की ऊर्जा से भर गया। जिला शतरंज संघ बेमेतरा के तत्वावधान में यहां द्वितीय वर्ष ओपन शतरंज प्रतियोगिता का भव्य आयोजन हुआ।

■ सबका दिल जीत बने बेस्ट हैंडीकैप्ड प्लेयर

कार्यक्रम के मुख्य आयोजक लोकनाथ चंद्राकर जिला सचिव, शतरंज संघ बेमेतरा रहे। प्रतियोगिता का उद्घाटन जिला पंचायत सदस्य अंजली नंदराम गंधर्व (क्षेत्र क्रमांक 01, कठौतिया) के संरक्षण में हुआ। इस आयोजन की खासियत यह रही कि इसमें न सिर्फ छत्तीसगढ़ के 15 जिलों से 78 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया, बल्कि मणिपुर राज्य के खिलाड़ी ने भाग लेकर प्रतियोगिता को राष्ट्रीय स्वरूप प्रदान किया।



**मोहरों की चालों में झलका दिमाग और धैर्य:** सुबह 10 बजे रिपोर्टिंग समय के साथ खेल का आगाज़ हुआ। खिलाड़ी एकाग्र मन से बोर्ड पर नजरें जमाए बैठे थे। कहीं राजा की रक्षा में ऊँट आगे बढ़ा तो कहीं घोड़े की चाल ने बाजी पलट दी। आयोजकों ने बताया कि एंट्री शुल्क सामान्य खिलाड़ियों के लिए 400 रूपये तथा 5 किमी क्षेत्रीय खिलाड़ियों के लिए 200 रूपये रखा गया था। सभी खिलाड़ियों के लिए निःशुल्क भोजन की व्यवस्था भी की गई थी। मुख्य निर्णायक आलोक सिंह छत्रीय और वेंकटेश्वर दास मानिकपुरी ने प्रतियोगिता को निष्पक्ष और सफलतापूर्वक संपन्न कराया।

### पुरस्कार वितरण समारोह में छाए विजेता

प्रतियोगिता के अंत में विजेताओं को ट्रॉफी और नकद पुरस्कार प्रदान किए गए। प्रथम स्थान मोबिन फारूकी (बिलासपुर) 5,001 रूपये, द्वितीय स्थान रुपेश मिश्रा 3,001 रूपये तृतीय स्थान संस्कार कश्यप 2,001 रूपये, चतुर्थ स्थान रजनीकांत बक्सी 1,501 रूपये एवं पंचम स्थान मुकेश ठाकुर 1,001 रूपये रहे। इसके अलावा 6वें से 10वें स्थान तक क्रमशः किशन बघेल, भव्य टाटिया, देवेंद्र सिंह चौहान, भुवनेश्वर सिंह और लोकनाथ चंद्राकर को 501 रूपये एवं ट्रॉफी प्रदान की गई।

### विशेष श्रेणी में भी मिला सम्मान

बेस्ट वुमन प्लेयर अंजुम परवीन, अंडर -15 आरव लोहिया, अंडर-9 शौर्य लोहिया, अंडर -7 अभ्या बघेल, बेस्ट ▸▸| शेष पेज 11 पर

## ट्रस्ट समिति ने मातर महोत्सव 2025 का किया भव्य आयोजन

# मातर महोत्सव में दिखा भक्ति और लोक संस्कृति का संगम

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

जिले के नेवनारा स्थित जय चण्डी माँ व्यास ट्रस्ट समिति, चण्डी आश्रम परिसर में पारंपरिक मातर महोत्सव 2025 का आयोजन पूरे हर्षोल्लास और भक्ति भावना के साथ किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुईं। इस दौरान ग्रामवासियों ने ढोल-नगाड़ों की थाप पर नृत्य करते हुए पारंपरिक रीति-रिवाजों और लोकगीतों के साथ मातर पर्व को उल्लासपूर्वक मनाया।

■ जिला पंचायत अध्यक्ष ने नई पीढ़ी को सांस्कृतिक मूल्यों से जोड़ने का संदेश दिया





पूरा परिसर भक्ति और लोक-संस्कृति के रंगों में रंग गया।

अपने उद्बोधन में श्रीमती तिवारी ने कहा यादव समाज प्रदेश की संस्कृति और परंपरा का गौरव है। यह समाज मेहनत, निष्ठा और गौ-सेवा के लिए जाना जाता है। मातर महोत्सव जैसे आयोजन हमारी लोकपरंपरा को जीवंत रखते हैं और नई पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ते हैं। उन्होंने आगे कहा कि सरकार ग्रामीण अंचलों की परंपराओं और लोक संस्कृतियों को जीवित रखने के लिए निरंतर प्रयासरत है। हमें भी अपनी परंपराओं को सहेजकर नई पीढ़ी तक पहुँचाने में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। ऐसे सामाजिक और सांस्कृतिक आयोजन समाज में भाईचारा, एकता और संस्कृति के संरक्षण का संदेश देते हैं।

**भक्तिपूर्ण रहा माहौल:** कार्यक्रम में राउत नाचा, अखाड़ा प्रदर्शन, और माँ चण्डी देवी की आरती ने माहौल को पूर्णतः भक्तिमय बना दिया। बड़ी संख्या में श्रद्धालु, ग्रामवासी, सामाजिक कार्यकर्ता और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। समाज के पदाधिकारियों ने जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी का शाल, श्रीफल और पुष्पहार से आत्मीय स्वागत एवं सम्मान किया और भानु प्रताप साहू द्वारा अपने हाथों से बनाया गया सुंदर चित्र भेंट किया गया।

### ये रहे मौजूद

कार्यक्रम में युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकहरियां प्रहलाद अग्रवाल अध्यक्ष चण्डी मंदिर, लोकेश साहू सरपंच, नीरा राजकुमार लहरे उपसरपंच, पोषण वर्मा पूर्व जिला पंचायत सदस्य, जगन्नाथ तिवारी, मनोज तिवारी, रामावतार साहू कोषाध्यक्ष, भकक्तूराम साहू सदस्य, गंगाराम यदु, सालिक राम साहू, डॉ दीपक साहू एवं ग्रामीण जन बाल दुर्गा उत्सव समिति सदस्यगण की मौजूदगी रही ।



# देश में कहीं भी नहीं है पक्का मकान तो भिलाई में मिल सकता है आवास, प्रक्रिया शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

भिलाई में रहने वाले परिवारों के लिए अच्छी खबर है, यदि देश में कहीं भी आपके नाम से पक्का मकान नहीं है, तो आपको यहां प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आवास मिल सकता है। बशर्ते आपको निर्धारित नियम-शर्तों का पालन करना होगा।

भिलाई निगम में ऐसे लोगों को आवास दिलाने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। योजना के दूसरे चरण में 805 आवासों के लिए डीपीआर तैयार कर शासन को भेजा गया था, जिसमें से 536 स्वीकृत हुए हैं। इसमें से 511 के लिए भवन अनुज्ञा प्रदान की जा चुकी है। उसमें से 350 से अधिक में कार्य प्रारंभ हो चुका है। प्रधानमंत्री आवास योजना भारत सरकार एवं राज्य शासन की प्राथमिकता में होने से नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा योजना का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना के बीएलसी घटक अंतर्गत ऐसे हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाता है, जिनके पास स्वयं की भूमि या पट्टा उपलब्ध है।

## दूसरे चरण की शुरुआत में 536 आवासों को मिली स्वीकृति, 511 के भवन अनुज्ञा जारी

### पहले चरण में 5115 आवासों की स्वीकृति, 5033 बनकर तैयार

प्रधानमंत्री आवास योजना बीएलसी घटक के अंतर्गत प्रथम चरण में 5115 आवास स्वीकृत हो चुके हैं, जिसके विरुद्ध 5033 आवास पूर्ण हो चुके हैं। द्वितीय चरण में स्वीकृत आवासों को लेकर काम भी शुरू किया जाएगा। 350 से अधिक में कार्य भी प्रारंभ हो चुका है। योजना के अंतर्गत वो हितग्राही पात्र होगें, जिनके पास देश में किसी भी स्थान पर पक्का आवास न हो, परिवार की वार्षिक आय 3 लाख रुपए से कम हो, भूमि स्वामित्व, पट्टा संबंधी दस्तावेज हो तथा परिवार के सभी सदस्यों का आधार व आवेदक का बैंक खाता हो।



### तकनीकी दिक्कतों के कारण कई लोगों को नहीं मिल पाया आवास

प्रधानमंत्री आवास योजना के बीएलसी घटक अंतर्गत अब तक 5920 हितग्राहियों को लाभान्वित किया जा चुका है। अधिकांश बसाहट नियोजित है। बड़ा भाग भिलाई इस्पात संयंत्र, औद्योगिक क्षेत्र एवं रेलवे में शामिल होने से उक्त भूमियों पर पट्टा वितरण का प्रावधान नहीं है। इस वजह से इस क्षेत्र में रहने वाले लोगों को योजना के अंतर्गत लाभान्वित नहीं किया जा सका है। इसके अतिरिक्त वर्तमान में नवीन पट्टा का वितरण संबंधी कोई योजना प्रभावशील नहीं होने के कारण नवीन हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना लाभ दिलाना संभव नहीं हो पा रहा है। इसे देखते हुए नई कार्ययोजना तैयार की गई है।

### आवास के लिए आवेदन से जुड़ी जानकारी जोन-3 में मिलेगी

आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने अपील की गई है की यदि कोई आवेदक के पास प्रधानमंत्री आवास योजना बीएलसी अंतर्गत स्वयं की भूमि, पट्टा है। उनकी वार्षिक आय 3 लाख रुपए से कम है तथा देश में कहीं भी उनके नाम पर पक्का मकान नहीं है, तो निगम के जोन 3 मदरटेरेसा नगर स्थित प्रधानमंत्री आवास योजना कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं। इसके अलावा कार्यालयीन समय पर निगम के दूरभाष नंबर 0788-2294303 पर फोन कर जानकारी ली जा सकती है। ताकि उन्हें सरकार की इस महती योजना का लाभ मिल सके।

## खबर संक्षेप



### चेंबर ऑफ कामर्स ने महापौर का जताया आभार

**दुर्ग।** चैंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज जिला दुर्ग के पदाधिकारियों ने महापौर अल्का बाघमार से मुलाकात की। उन्होंने दीपावली पर दुर्ग शहर के पूरे बाजारों में हर प्रकार के व्यवसाय व्यापार में धनतेरस, दीपावली, गोवर्धन पूजा, गौरी-गौरा पूजा, मातर एवं छठ पूजा में लगने वाली सारी सामग्री का विक्रय हर प्रकार के व्यवसाय व्यापार में ग्राहकों का आवागमन, शहर के सभी बाजारों में बहुत अच्छा रहा। दुर्ग नगर निगम महापौर पार्षद एवं नगर निगम कमिश्नर द्वारा दुर्ग शहर की सफाई व्यवस्था लाइट की व्यवस्था बाजारों में छोटी-बड़ी गाड़ियां रखने की व्यवस्था जगह-जगह पसरा लगने की जगह तय कर सभी को सुगमता से व्यवसाय करने का मौका मिला। इसी विषय को लेकर चेंबर ऑफ कॉमर्स जिला दुर्ग के पदाधिकारी नगर निगम महापौर अल्का बाघमार को धन्यवाद देकर मुंह मीठा कराया गया। चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के जिला अध्यक्ष अनूप गटागट, शिव चंद्राकर, जवाहर जैन, दीपक चोपड़ा, संजय खंडेलवाल, अरुण दुग्गड आदि मौजूद थे।

### कंडम आवासों में रहने के लिए मजबूर हैं सेवानिवृत्त कर्मियों के परिवार

# 702 परिवारों पर बेदखली का खतरा, जगह नजूल को हस्तांतरित करने उठ रही मांग


हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

## हॉस्पिटल सेक्टर में रहने वाले परिवार लंबे समय से परेशान

इस्पात संयंत्र नगर सेवा विभाग द्वारा वार्ड क्रमांक 69 हॉस्पिटल सेक्टर में बने आवासों को अनफिट घोषित कर दिया गया है। वर्तमान में इस जगह पर 702 परिवार निवासरत हैं। ये वे परिवार हैं, जो बीएसपी में सेवारत रहे कर्मचारियों के हैं। इन परिवारों के सामने अब बेदखली का खतरा मंडराने लगा है। इसे लेकर उक्त जगह को नजूल को हस्तांतरित किए जाने की मांग उठने लगी है।

स्थानीय लोगों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि इस जगह को हैंडओवर लेकर प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आवासों का निर्माण कराया जाए। या जगह लीज पर दी जाए। ताकि परिवारों को आशियाना मिल सके। जिला कांग्रेस कमेटी भिलाई के प्रवक्ता एवं हुडको संघर्ष समिति के संयोजक जावेद खान ने जनहित मे कलेक्टर एंव नगर पालिका निगम भिलाई के आयुक्त से इसे लेकर मां की है।

जावेद खान ने कलेक्टर एंव आयुक्त को सौंपे ज्ञापन मे बताया कि पिछले दिनों जिला प्रशासन एंव भिलाई इस्पात संयंत्र के अधिकारियों की बैठक कलेक्टर साहब की अध्यक्षता मे हुई थी, जिसमें की जिला प्रशासन ने बीएसपी से कोर्ट एंव नालंदा परिसर बनाने से लेकर अनेक विकास कार्यों के लिए जमीन की मांग की है। इसी तारतम्य मे अस्पताल सेक्टर स्थित बीएसपी द्वारा घोषित अनफिट ब्लाक के रहवासियों द्वारा मांग की गई है।



### कोर्ट व नालंदा परिसर के लिए जगह उपलब्ध कराने की तैयारी

जानकारी के मुताबिक बीएसपी प्रबंधन द्वारा नालंदा परिसर और कोर्ट के लिए जगह उपलब्ध कराए जाने की तैयारी है। जमीन नजूल को दी जानी है। ऐसे में लोगों की मांग है कि हॉस्पिटल सेक्टर की उक्त जमीन भी शासन को हस्तांतरित की जाए। मानवीय आधार पर इन परिस्थितियों मे यह विकल्प हो सकता है कि सम्पूर्ण क्षेत्र को बीएसपी प्रबंधन राज्य शासन के नजूल विभाग को हस्तांतरित कर दे। यह क्षेत्र बीएसपी का अंतिम छोर है। इसके बाद हुडको सेक्टर है, जो की नजूल के अंतर्गत आता है। अगर इस क्षेत्र को भी नजूल घोषित कर देते है तो सभी परिवारों को आबादी पट्टे दिए जा सकते हैं।

### जमीन दिए जाने लिए मिलेगा सरकारी योजनाओं का लाभ

लोगों का कहना है कि जमीन नजूल को हैंडओवर किए जाने से बिजली सीएसईबी से मिल सकेगी। इससे बीएसपी भी मुफ्त की बिजली के नुकसान से बच सकती है। लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ मिल सकेगा। गरीबों के आवास के लिए रास्ता साफ होगा। इसके अलावा नगरीय निकाय विभाग छग शासन द्वारा अंगीकार योजना का शुभारंभ किया गया है, जिसके तहत भी इन बेघर हो रहे 702 परिवार को अंगिकार कर प्रधानमंत्री आवास योजना में मर्ज किया जा सकता है। लोगों ने प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, सांसद विजय बघेल, बीएसपी प्रबंधन से इस विषय को गंभीरता से लिए जाने की मांग की है।

### 20 सालों से नारकीय जीवन जीने विवश है निवासरत परिवार

लोगों ने बताया कि 702 परिवार जो यंहा निवासरत हैं, पिछले 20 वर्षों से नारकीय जीवन जीने को विवश है। सेक्टर 9 अस्पताल में नियमित बी एस पी के सफ़ाई कर्मचारी, अटेंडेंट के रूप मे सेवा की थी, लेकिन आज की पीढ़ी ठेकेदारी में वहीं सेक्टर 9 अस्पताल में न्यूनतम वेतनमान में जैसे-तैसे अपना जीवन बसर कर रही है। पहले की अपेक्षा आज का जीवन बहुत कठिन हो गया है। पैसों का अभाव ऊपर से घरों की दयनीय स्थिति। इसलिए स्थायित्व प्रदान किया जाना आवश्यक हो गया है। न्यायालय से जो स्टे मिला हुआ था, वह हाल ही में वैकेंट हो गया है। अब बीएसपी प्रबंधन कभी भी बेदखली की कार्रवाई कर सकता है।

## झुलसे बालक को उपचार के लिए सेक्टर-9 बर्न यूनिट में कराया भर्ती



**भिलाई।** दीपावली में पटाखे जलाते समय झुलसे अभिषेक यादव (9 वर्ष) के बेहतर उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। बालक को सेक्टर-9 हॉस्पिटल की बर्न यूनिट में एडमिट किया गया है। वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन ने बच्चे के उपचार के लिए हर संभव सहायता का जिम्मा स्वयं लिया है। दीपक नगर निवासी अभिषेक के झुलसने की जानकारी मिलने के बाद विधायक ने यह पहल की है। अभिषेक की माता उषा यादव दूसरों के घर में झाड़ू-पोछा तथा पिता कचरा बीन कर परिवार का पालन पोषण करते हैं। अभिषेक के साथ ऐसा हादसा होने से पूरा परिवार व्यथित है क्योंकि उनके पास अच्छे उपचार के रुपये नहीं हैं। उन्होंने इलाज के लिए मदद की गुहार लगाई तो वैशाली नगर विधायक ने बिहार में रहते हुए मामले को संज्ञान में लिया। वरिष्ठ चिकित्सकों से बात कर अभिषेक को सेक्टर-9 बर्न यूनिट में रेफर करवाया। इस हादसे में अभिषेक का चेहरा और दोनों जल हाथ बुरी तरह झुलस गया है। जिला अस्पताल दुर्ग में भर्ती अभिषेक को आज पंडित जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय एवं अनुसंधान केंद्र सेक्टर-9 भिलाई की बर्न यूनिट लाया गया है। यहां विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम अभिषेक का उपचार कर रही है।

## प्लॉट पर कैफे खोलने को लेकर फोन पर दी अश्लील गालियां

**भिलाई।** प्लॉट पर कैफे खोलने को लेकर हुए विवाद में मोबाइल पर गाली-गलौच का मामला प्रकाश में आया है। मामले में नेहरूनगर निवासी अनिल शुक्ला ने सुपेला थाने में शिकायत की है। उन्होंने अभिनव कट्ठल पर गाली गलौच और वाट्सएप पर अश्लील मैसेज भेजने का आरोप लगाया है। अनिल शुक्ला तकियापारा हायर सेकंडरी स्कूल में प्राचार्य हैं। उन्होंने शिकायत में कहा कि उन्होंने प्लॉट 10 मई 2024 को संतोष अग्रवाल से उक्त प्लॉट खरीदा है। उक्त प्लॉट पर कैफे खोलने को लेकर आरोपी द्वारा फोन पर गाली गलौच किया जा रहा है। मामले में पुलिस ने अपराध दर्ज कर लिया है। विवेचना जारी है।

## मंत्री गजेन्द्र ने व्यापारियों और युवाओं से की मुलाकात, फीडबैक भी लिया



**दुर्ग।** मंत्री गजेंद्र यादव इन दिनों बिहार में हैं। वे आगामी दिनों में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए छपरा और बनियापुर के भाजपा प्रत्याशी के प्रचार-प्रसार कार्यक्रमों में शामिल हो रहे हैं। रविवार को उन्होंने वहां के व्यापारियों, युवाओं और नागरिकों से मुलाकात की। उन्हें छठ और दीपावली त्योहार की बधाई दी। छत्तीसगढ़ की विष्णुदेव साय सरकार से प्रेरित जनकल्याणकारी मॉडल को बिहार में साझा किया। वे गांव, बाजार, समाज के बीच पहुंचकर जनता से संवाद कर रहे हैं। यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और बिहार में डबल इंजन की सरकार के साथ-साथ छत्तीसगढ़ की विष्णुदेव साय सरकार का सुशासन मॉडल, दोनों ही प्रदेशों में विकास की नई मिसाल बन रहे हैं। बिहार की जनता को भी उसी पारदर्शी, जनसेवी और परिणाममुखी शासन का लाभ मिलेगा।

उन्होंने छपरा विधानसभा क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी छोटी कुमारी के समर्थन में व्यापारियों, युवाओं और आम नागरिकों से मुलाकात कर छठ पर्व की शुभकामनायें दी। क्षेत्र के समग्र विकास के लिए एनडीए सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराया। उन्होंने कहा कि एनडीए सरकार ने बिहार में सड़क, बिजली, शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य बुनियादी ढांचे में अभूतपूर्व सुधार किए हैं, जो अब हर घर तक पहुंच चुके हैं। उन्होंने बताया कि 30 अक्टूबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी छपरा पहुंच रहे हैं। प्रदेश से मंत्री लखन लाल देवांगन, विधायक रिकेश सेन, विधायक भावना बोहरा, वरिष्ठ भाजपा नेता शिवेंद्र परिहार सहित अन्य बिहार में भाजपा के प्रचार-प्रसार के लिए पहुंचे हुए हैं।

## ग्रामीण विधायक ललित ने सुनी पीएम के मन की बात

**दुर्ग।** ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने अपने गृह ग्राम कोलिहापुरी में बूथ कार्यकताओं के साथ सुनी पीएम के मन की बात। पीएम नरेन्द्र मोदी ने छठ पूजा, अंबिकापुर स्थित गार्वेज कैफे, कोरापुट कॉफी, वंदे मातरम की चर्चा मन की। कार्यक्रम में श्री मोदी ने कहा कि छत्तीसगढ़ के नवाचारों और माओवाद उन्मूलन के संकल्प का उल्लेख होना प्रदेशवासियों के लिए गौरव की बात है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अंबिकापुर के 'गार्बेज कैफे' और भारतीय नस्ल के श्वानों की उपलब्धि का विशेष उल्लेख किए जाने पर दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने इसे पूरे प्रदेश के लिए सम्मान बताया। प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात रेडियो कार्यक्रम के 127वें एपिसोड का प्रसारण किया गया। दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने अपने गृह ग्राम कोलिहापुरी शक्ति केंद्र क्रमांक 1 के बूथ क्रमांक 36, 37 में बूथ कार्यकताओं द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा मन की बात कार्यक्रम का सुना। इस अवसर पर अंडा निकुम मण्डल अध्यक्ष लिकेश्वर देशमुख, लक्ष्मी नाथ देशमुख, डॉ मुकेश कुमार साहू, दिनेश साहू, मानसिंग रजक, रमाकांत देशमुख, श्रीराम निषाद, जागेंद्र दुबे, चैतराम पारकर आदि मौजूद थे।



## ग्रीन कॉरिडोर से मिली नई जिंदगी इलाज के लिए पहुंचाया एम्स रायपुर

**भिलाई।** इंसानियत और तत्परता का एक प्रेरक उदाहरण शनिवार को देखने मिला, जब यातायात पुलिस दुर्ग ने गंभीर मरीज के लिए ग्रीन कॉरिडोर बनाकर जीवन बचाने की मुहिम चलाई।

भिलाई सेक्टर-6 निवासी एम. राजा कैंसर से पीड़ित हैं। शनिवार को उनकी हालत अचानक बिगड़ने पर उन्हें सेक्टर-9 बीएसपी अस्पताल से एम्स रायपुर रेफर किया गया। स्थिति की नाजुकता को देखते हुए दुर्ग यातायात पुलिस ने ऑपरेशन सुरक्षा के तहत तुरंत कार्रवाई की और सेक्टर-9 से एम्स रायपुर तक करीब 35 किलोमीटर लंबे रास्ते को खाली करा दिया।



कंट्रोल रूम, जोन प्रभारी और मार्ग पर तैनात टीमों ने मिलकर पूरी समन्वित कार्रवाई को अंजाम दिया, जिससे मरीज को बिना किसी बाधा के सुरक्षित रूप से एम्स रायपुर पहुंचाया जा सका। फिलहाल मरीज का इलाज एम्स रायपुर में जारी है। यातायात पुलिस दुर्ग ने नागरिकों से अपील की है कि आपात स्थितियों में पुलिस के साथ सहयोग करें और एंबुलेंस या आपात सेवा वाहनों को रास्ता दें, क्योंकि आपकी जागरूकता किसी की जान बचा सकती है।

## पटेल चौक के बगल में स्थापित लौह पुरुष की प्रतिमा का जल्द बदलेगा स्थान

# पटेल की जयंती पर दुर्ग में 12 और भिलाई में 14 नवंबर को यूनिटी मार्च, आत्मनिर्भरता और स्वदेशी का देंगे संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

- सांसद विजय बघेल ने दी आयोजन से जुड़ी जानकारी

लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के 150वीं जयंती पर भारत सरकार के युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय (माय भारत) द्वारा यूनिटी मार्च का देशव्यापी अभियान छेड़ा गया है। यह अभियान सरदार वल्लभ भाई पटेल की विरासत को सम्मान देने और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को स्मरण करने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत 31 अक्टूबर से 25 नवंबर तक देश के प्रत्येक जिलों में पदयात्रा के अलावा निबंध, वाद-विवाद, वार्ता, व्याख्यान, पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता, यंग लीडर, स्वच्छता अभियान, योग एवं स्वास्थ्य सत्र राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देने नुक्कड़ नाटक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। दुर्ग लोकसभा क्षेत्र में भी सरदार वल्लभ भाई पटेल के 150वीं जयंती पर विभिन्न कार्यक्रम तय किए गए है। जिसके अंतर्गत दुर्ग जिला, भिलाई शहर और बेमेतरा जिला में यूनिटी मार्च निकाली जाएगी। दुर्ग जिला में यह यूनिटी मार्च 12 नवंबर को पटेल चौक स्थित सरदार वल्लभ भाई पटेल के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर प्रारंभ होगी, जो दुर्ग-भिलाई के प्रमुख मार्गों से होते हुए पाटन पहुंचेगी। जहां ग्राम सेलूद चौक पर यूनिटी मार्च का समापन होगा। सांसद विजय बघेल ने दुर्ग शहर के पटेल चौक के बगल में स्थापित सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा के स्थान परिवर्तन से जुड़े एक सवाल के जवाब में कहा कि प्रतिमा के स्थान परिवर्तन को लेकर उन्होने प्रशासनिक स्तर पर पहल व प्रयास किए है। जिसके सार्थक परिणाम सामने आने वाले है। सरदार पटेल की प्रतिमा को अब पटेल चौक के बगल से हटाकर पटेल चौक पर ही स्थित घड़ी चौक के सामने लगाने की तैयारी है। प्रतिमा के स्थान परिवर्तन का यह कार्य आगामी 25 दिसंबर तक पूर्ण कर लिया जाएगा।




### तीन दर्शन मंदिर से निकलेगी पदयात्रा, डबरापारा में होगी समाप्त

इसी प्रकार भिलाई शहर में 14 नवंबर को तीन दर्शन मंदिर पावरहॉउस चौक से यूनिटी मार्च की शुरुआत होगी। जिसका डबरापारा भिलाई-03 में समापन होगा। बेमेतरा जिला में भी यूनिटी मार्च निकाली जाएगी। जिसके लिए फिरहाल अभी तिथि की घोषणा नहीं की गई है। यूनिटी मार्च के लिए तिथि 1-2 दिन के भीतर तय कर ली जाएगी। यूनिटी मार्च में जनप्रतिनिधि, खिलाड़ी, शिक्षाविद्, साहित्यकार, चिकित्सक, सेवानिवृत्त प्रशासनिक कर्मचारी एवं सैन्य अधिकारी, एनसीसी कैडेट्स, एनएसएस के स्वयंसेवक, सामाजिक व धार्मिक संगठनों के सदस्यों के अलावा सभी वर्ग से लोग शामिल होंगे। जिला स्तर पर यूनिटी मार्च की कलेक्टर मॉनिटरिंग करेंगे। जिला स्तर के अलावा राष्ट्रीय स्तर पर भी यूनिटी मार्च निकाली जाएगी। जिसके लिए प्रत्येक जिले से 5 लोग चयनित किए जाएंगे। ये लोग 26 नवंबर से 6 दिसंबर के बीच यूनिटी मार्च का हिस्सा बनेंगे और सरदार वल्लभ भाई पटेल के जन्म स्थली नाडियाद,गुजरात तक पदयात्रा कर पहुंचेंगे।

### जिला संगठनों से 5-5 प्रतिनिधि पदयात्रा में शामिल

राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित यूनिटी मार्च में दुर्ग जिले के लोग नागपुर से शामिल होंगे। जहां से वे सरदार वल्लभ भाई पटेल के जन्मस्थली के लिए मार्च करेंगे। यह यूनिटी मार्च राजनीतिक कार्यक्रम नहीं है। इसमें किसी भी राजनीतिक पार्टी का झंडा नहीं होगा, केवल भारत का तिरंगा झंडा लहराएगा। जिसके माध्यम से यूनिटी मार्च में राष्ट्रीय एकता व प्रेम का संदेश दिया जाएगा। यह बातें दुर्ग सांसद विजय बघेल ने रविवार को सर्किट हॉउस में मीडिया से चर्चा में कही। इस दौरान दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, अहिवारा विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा, साजा विधायक ईश्वर साहू, महापौर अल्का बाघमार, जितेन्द्र वर्मा, सुरेन्द्र कौशिक, विनोद अरोरा, अशोक राठी, मनोज सोनी, पुरुषोत्तम देवांगन सहित अन्य मौजूद थे।

## मंगल भवन और लोकांगन का होगा मेंटेनेंस, आयुक्त ने दिए जरूरी निर्देश



**भिलाई।** निगम आयुक्त राजीव कुमार पांडेय ने जोन 2 वैशाली नगर के परदेसी चौक, लोकांगन, शांति नगर और शांति नगर दशहरा ग्राउंड का निरीक्षण किया। उन्होंने परदेसी चौक गार्बेज वेरिएबल पॉइंट में किए गए सौंदर्यीकरण का अवलोकन किया गया। पूर्व में यहां मोहल्ले वासियों द्वारा कचड़ा फेंका जा रहा था, जिसका ब्यूटीफिकेशन कर पेवर ब्लॉक लगाया गया। पेंटिंग और हरियाली की गई। सामुदायिक मंगल भवन वैशाली नगर संधारण कार्य का अवलोकन किया गया। किराया निर्धारण कर विवाह एवं अन्य मांगलिक कार्य में उपयोग का निर्णय लिया गया। आयुक्त ने लोकांगन में डोम शेड, पेविंग कार्य और अन्य निर्माण कार्यों का अवलोकन किया। एजेंसी से चर्चा कर आवश्यक संधारण करवाने हेतु कार्यपालन अभियंता अरविंद शर्मा को निर्देशित किया। पार्षद अभिषेक मिश्रा की उपस्थिति में शांति नगर गार्बेज वेरिएबल पॉइंट का अवलोकन किया गया। निगम आयुक्त ने लोगों से अपील की कि गीले एवं सूखे कचरे डस्टबिन में छांटकर कलेक्शन गाड़ियों को दें। यहां वहां न फेंके जिससे शहर की स्वच्छता बरकरार रहे। शांति नगर दशहरा मैदान में प्रकाश व्यवस्था और उपयोगिता के संबंध में चर्चा की गई। मैदान के सुव्यवस्थित संचालन हेतु रुचि की अभिव्यक्ति जारी किए जाने के संबंध में चर्चा की गई।

## चोरी का असफल प्रयास

**पटेवा।** ग्राम में चोरी की घटनाएं बढ़ते जा रही है। ग्राम के सोना चांदी व्यवसायी युगराज जैन आ रावलचंद जैन के निवास पर चोरों ने धावा बोलकर सब्बल से दरवाजा में लगे ताले को तोडने का प्रयास किया। ताला नहीं टटने के कारण चोरी की घटना को अंजाम देने में असफल रहे। सीसीटीवी कैमरे में कैद तस्वीर में दिख रहा है कि घर के सूने होने का फायदा उठाते हुए शाम 6.30 बजे घर में प्रवेश कर दीवार तोड़ने के बाद सब्बल से दरवाजा एवं ताले तोड़ने का प्रयास किया। फुटेज में एक व्यक्ति दिखाई दे रहा है जिसकी उम्र लगभग 22-23 साल है। घटना के दौरान लाइट बंद कर देने के कारण चेहरा स्पष्ट नहीं दिख रहा। इसके पहले भी दुकानों एवं स्कूल में चोरी की घटनाएं हो चुकी है किन्तु चोर अभी तक पकड़ से बाहर है।

## संत नामदेव जन्मोत्सव 5 को

**डोंगरगढ़।** संत नामदेव विकास परिषद, नामदेव समाज की बैठक भगतसिंह चौक स्थित नामदेव भवन में विकास नामदेव की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में अध्यक्ष श्री नामदेव ने बताया संत शिरोमणि नामदेव महाराज का जन्मोत्सव देवउठनी एकादशी के दिन है। संत श्री नामदेव विकास परिषद और नामदेव समाज द्वारा नामदेव महाराज का 755वाँ जन्मोत्सव आगामी 5 नवंबर को धूमधान से मनाया जाएगा।

### अनदेखी : राष्ट्रीय राजमार्ग और पीएम सड़क बनी हादसों का कारण

# सड़क किनारे उगे खरपतवार व झाड़ियां सड़क दुर्घटनाओं को दे रहीं न्योता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरबसपुर

राष्ट्रीय राजमार्ग कवर्धा-बिलासपुर मार्ग सहित ग्रामीण क्षेत्रों की प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत निर्मित सड़कों की उपेक्षा अब दुर्घटनाओं का मुख्य कारण बनती जा रही है। सड़क किनारे उग आए कांटेदार पेड़-पौधे, खरपतवार तथा झाड़ियों ने शोल्डर को पूरी तरह ढक लिया है, जिससे आवागमन करने वाले वाहन चालकों की दृश्यता बाधित हो रही है और रोजाना राहगीर सड़क हादसे के शिकार हो रहे हैं। राष्ट्रीय राजमार्ग पर 24 घंटे भारी वाहनों का तेज रफ्तार में आवाजाही लगा रहता है, ऐसे में शोल्डर पर उग आए खरपतवार तथा झाड़ियों पेड़-पौधों से दुर्घटना का खतरा कई गुना बढ़ गया है। स्थिति यह है कि सड़क के किनारे जंगल जैसी हरियाली फैल चुकी है इस ओर जिम्मेदार विभाग को ध्यान देने की जरूरत है। इसी प्रकार ग्रामीण क्षेत्रों की पीएम सड़क की दशा भी चिंता जनक है। कई स्थानों पर सड़क के किनारे उगी झाड़ियां मार्ग को संकरा कर रही हैं, जिससे बाइक सवार, छोटे वाहन और पैदल चलने वाले राहगीर दुर्घटनाओं का शिकार हो रहे हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि समय रहते सड़क किनारे साफ सफाई की मांग की गई ताकि आवाजाही सुगम हो तथा सड़क दुर्घटना को रोका जा सकें।





### राष्ट्रीय राजमार्ग और पीएम सड़क की नियमित सफाई की मांग

बताया जाता है कि शोल्डर किनारे उग आए खरपतवार और कांटेदार पौधों को हटाने विशेष अभियान चलाया जाए, सड़क सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए हादसों पर रोक लगाने तत्काल कदम उठाए जाएं। ग्रामीणों का कहना है कि यदि प्रशासन जल्द कार्यवाही नहीं करता है, तो दुर्घटनाओं का सिलसिला और बढ़ सकता है। लोगों ने शासन-प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा है कि सड़क की साफ-सफाई सुनिश्चित करना अब अत्यंत आवश्यक हो गया है, ताकि आवागमन सुरक्षित और सुगम हो सके।

# मां लक्ष्मी विसर्जन यात्रा में उमड़ी हजारों की भीड़



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिपरिया

नगर पंचायत पिपरिया के सकरी नदी तट पर सोमवार सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ने शुरू हो गई। माता लक्ष्मी की विदाई के अवसर पर भक्तों ने स्नान कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना करते हुए ग्राम की सुख-शांति व समृद्धि की कामना करते हुए मां लक्ष्मी को भावपूर्ण विदाई दी गई। जिस पर समितियों द्वारा जगह-जगह डीजे, धुमाल और भव्य झांकियां सजाई गई, जिनमें मां काली की झांकी मुख्य आकर्षण का केंद्र बनी रही। वहीं आसपास के गांवों से भी भक्त बड़ी संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम में शामिल हुए। बताया जाता है कि मां लक्ष्मी विसर्जन के दौरान सुबह से शाम तक नदी किनारे मेले जैसा दृश्य रहा। महिलाएं पारंपरिक परिधानों में सुसज्जित होकर पूजा अनुष्ठान में शामिल हुई, वहीं बच्चों में भी विशेष उत्साह देखा गया। और भक्तिभाव से माता लक्ष्मी की प्रतिमाओं का विसर्जन कर उनकी विदाई दी और अगले वर्ष पुनः आगमन की मंगलकामनाएं व्यक्त कीं। इस कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए नगर प्रशासन और सामाजिक संगठनों ने विशेष प्रबंध किए थे। वहीं माता की जयकारों और भक्ति गीतों से पूरा वातावरण भक्तिमय रहा।

# बेमौसम बारिश से धान फसल क्षतिग्रस्त, भारी नुकसान की आशंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरबसपुर

शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में इन दिनों ग्रामीण किसानों द्वारा हाइब्रिड धान फसल की कटाई और मिजाई कार्य जोर शोर से किया जा रहा है। लेकिन पिछले दो तीन दिनों से बेमौसम बारिश से धान फसल खेतों में गिरने से धान फसल क्षतिग्रस्त की आशंका जताई जा रही है। जिससे किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है।

ग्रामीण किसानों से मिली जानकारी के अनुसार मौसम में अचानक आई बदलाव व उथल पुथल तथा हल्की तेज बारिश होने से खेतों में खड़ी धान फसल तथा किसानों की साल भर की कमाई की फसल चंद मिनट में खेत पर गिर कर क्षतिग्रस्त होने से किसानों की चिंता और बढ़ गई है। बताया जाता है कि धान फसल खेतों पर गिरकर बिखर चुके हैं, वहीं अब धान कटाई के लिए परेशानी भी हो रहे हैं साथ ही साथ खेतो में पानी भरने से ग्रामीण किसान रीपर मशीन से धान कटाई तथा हार्वेस्टर से नहीं कर पा रहे है। क्षेत्र में हुई बेमौसम बारिश से ग्राम सिंघनपुरी, बीजाझोरी, हरिनछपरा, राम्हेपुर कला, चंदनपुर, नाऊडीह, दौजरी, जेवडन खुर्द, बांझीमौहा, सांरगपुर खुर्द, डबराभाठ व बरबसपुर के ग्रामीण किसान चिंतित व परेशान है।



# भगवान श्री सहस्त्रबाहू अर्जुन जयंती एवं जगराता का भव्य आयोजन आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा




भगवान श्री सहस्त्रबाहु अर्जुन जयंती एवं जगराता कार्यक्रम का आयोजन आज मां महामाया मंदिर चौक कवर्धा में किया जाएगा। यह कार्यक्रम डड़सेना कलार समाज कबीरधाम के तत्वाधान में आयोजित होगा। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विजय शर्मा उपमुख्यमंत्री, अध्यक्षता रूपेन्द्र जायसवाल (अध्यक्ष डड़सेना कलार समाज करेंगे वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में ईश्वरी साहू (अध्यक्ष जिला पंचायत) सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं सामाजिक पदाधिकारी गण उपस्थित होगें। इस विशाल जगराता एवं धार्मिक कार्यक्रम आयोजित होने से कवर्धा नगर एवं आसपास के क्षेत्र के समाजजनों द्वारा पूजा अर्चना कर जगराता एवं धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। आयोजक समिति ने समस्त समाजजनों एवं नगरवासियों से अपील कर अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस धार्मिक आयोजन को सफल बनाने आग्रह किये है।

# घुघरी खुर्द में गौ संरक्षण हेतु 9 दिवसीय रूद्र महायज्ञ 6 नवंबर से होगा प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

सनातन धर्म की गौरव परंपरा एवं गौ माता के संरक्षण के उद्देश्य से कवर्धा क्षेत्र के ग्राम घुघरी खुर्द गौ संरक्षणार्थ सुरभि रूद्रमहायज्ञ का आयोजन 06 से 14 नवंबर तक 09 दिवसीय पंच कुंडीय रुद्र महायज्ञ का शुभारंभ होने जा रहा है। इस धार्मिक आयोजन का संचालन जनपद पंचायत कवर्धा के उपाध्यक्ष गणेश तिवारी एवं उनका परिवार द्वारा किया जा रहा है। इस पावन महायज्ञ में विशेष रूप से जगद्गुरु कामदगिरि पीठाधीश्वर स्वामी रामस्वरूपाचार्य महाराज, चित्रकूट (उप्र) तथा





अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त शिव महापुराण एवं रामकथा वाचक पं प्रदीप मिश्रा सीहोर (मप्र) का आगमन हो रहा है। 6 से 10 नवंबर तक प्रतिदिन रामकथा एवं शिवमहापुराण का वाचन होगा, जिसमें धर्म के सिद्धांतों, गौ-सेवा के महत्व तथा मानव जीवन के कल्याणकारी मार्गो का ज्ञान प्रदान किया जाएगा। आयोजक गणेश तिवारी ने बताया कि गौ संरक्षणार्थ सुरभि रूद्रमहायज्ञ गौ माता के संरक्षण, ग्रामीणों में धार्मिक जागृति एवं सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने हेतु आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने क्षेत्र के सभी श्रद्धालुओं, धर्मप्रेमियों एवं ग्रामीणों से आग्रह किया है कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस दिव्य आयोजन का लाभ लें एवं गौ सेवा के महान कार्य में सहभागी बनें। आयोजन के दौरान प्रतिदिन भंडारा, भजन कीर्तन एवं धार्मिक अनुष्ठान संपन्न होंगे। श्रद्धालुओं के लिए सभी व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित रूप से की जा रही हैं।

# राज्योत्सव में शामिल होंगे भाजपाई

**डोंगरगढ़।** आगामी एक नवंबर को छत्तीसगढ़ का 25 वां स्थापना दिवस मनाया जाएगा जिसे भव्य रूप में मनाने की तैयारी कर रही है। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी शामिल होकर कार्यक्रम का शुभारंभ करने के अलावा नवीन विधानसभा भवन का लोकार्पण करेंगे। रायपुर में होने वाले कार्यक्रम को लेकर लाल बहादुर नगर मंडल भाजपा की बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रभारी जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष दिनेश गांधी, पूर्व प्रदेश भाजपा महामंत्री भरत वर्मा, सहप्रभारी जैन कुमार मेश्राम ने शामिल होकर राज्योत्सव में कार्यकर्ताओं से शामिल होने का आव्हान किया। बैठक में जिपं उपाध्यक्ष किरण साहु, मंडल अध्यक्ष मनोज कांडे, नपं अध्यक्ष देवेन्द्र साहु, प्रीति ताम्रकार, जिपं सभापति प्रशांत कोड़ापे, अनिता मंडावी, सुरेश वर्मा, थनवार मंडावी, हेमलाल वर्मा, उपकार बघेल, वर्षा गेड़ाम, गोदावरी निषाद, चंद्रप्रकाश देशमुख, राजेंद्र तिवारी, वेदराम ताम्रकार, भोजराज वर्मा, अशोक वर्मा, देवेन्द्र यादव, चंद्रा सिन्हा, रमेश यादव, राजेश देवांगन, मृगलाल साहु, मोरध्वज साहु, योगेश साहु, निकीता ताम्रकार, डॉ हनस पटेल, पुनऊ यादव, रामकुमार ठाकुर, पुष्पा सिन्हा, जसबीरसिंह चौहान, राजकुमार ताम्रकार, खेदू साहु, कुशलदास साहु, देवेन्द्र नंदेश्वर, बंटी साहु, शिव बल्हारे, डॉ महेंद्र वर्मा, घनश्याम यादव, अंबे निषाद, सोमनारायण साहु, जमुना वर्मा आदि शामिल हुए।



## सेवानिवृत्त कर्मचारियों का सम्मान



**मुरमुंदा।** आदर्श प्रगति मंडल गणेशोत्सव समिति गौठान चौक छोटे मुड़पार के तत्वावधान में सेवानिवृत्त कर्मचारियो का स्मृति चिन्ह एवं श्रीफल भेट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सेवानिवृत्त व्याख्याता महेतरू कौशल, धिराजी कदम, शंकर चौधरी, हरिशचंद कदम, पन्नालाल विश्वकर्मा पंचायत सचिव आदि का सम्मान किया गया। इस दौरान समिति के धनुष कंवर, विरेन्द्र कंवर, लेखराम कंवर, कुशल कंवर, प्रकाश कंवर, इंद्रा कंवर, मलेश कंवर, धर्मेंद्र निषाद, संजू यादव, भोला कंवर, दुर्गेश कंवर, एकानंद कंवर, दुवेश कंवर, धनेश कंवर, ठमेश कंवर, टीकम कंवर, संदीप कंवर, याकबल कंवर, राजा पटेल, पोषण कदम, ठमेश कंवर, पवन आदि मौजूद थे।

### छात्रों को प्रोत्साहित करने की पहल

# मॉक टेस्ट में शामिल हुए 200 छात्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बांधाबाजार

चिल्हाटी कॉलेज में जवाहर नवोदय विद्यालय मॉक टेस्ट का सफल आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य ग्रामीण विद्यार्थियों को नवोदय प्रवेश परीक्षा का अनुभव कराना तथा प्रतियोगी माहौल से परिचित कराना था। परीक्षा में आसपास के विद्यार्थी शामिल हुए। मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य शांति त्रिपुरे कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभाएं किन्तु उचित मार्गदर्शन और अवसर नहीं मिलने के कारण वह आगे नहीं आ पा रहे हैं। अध्यक्षता कालेज के प्रभारी प्राचार्य खेमू रावटे ने की। विशिष्ट अतिथि सरपंच डिम्पल मंडावी थी। इस दौरान मनहरण पिथौरा, नीलकंठ कोमरे, एकलव्य साहू, सुरेश साहू, प्रेम भुआर्य, रतनलाल ठाकुर, तुलसी अंबादे एवं रेखराम भुआर्य आदि मौजूद थे। परीक्षा में लगभग 200 विद्यार्थियों ने भाग लेकर अपनी ज्ञान क्षमता, तर्क शक्ति और समस्या समाधान कौशल का प्रदर्शन किया।



## प्रांतीय उपाध्यक्ष बने हेमंत साहू

**डोंगरगढ़।** छत्तीसगढ़ प्रदेश पेंशनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष यशवंत देवी ने कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए तहसील पेंशनर्स एसोसिएशन के सह सचिव हेमंत साहू को प्रांतीय उपाध्यक्ष मनोनीत किया है। प्रदेश स्तरीय शपथ ग्रहण समारोह गत दिनों कुरुद में आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि विधायक अजय चन्द्राकर ने नवनियुक्त उपाध्यक्ष हेमंत साहू को शपथ दिलाई। तहसील पेंशनर्स एसोसिएशन की मासिक बैठक में श्री साहू का स्वागत एवं सम्मान अध्यक्ष हंसराज साहू ने किया। बैठक में एलके नारंग, डीपी शर्मा, एनआर देवांगन, जेके जैन, हीरालाल यादव, कंवलराम देवांगन, कुंता कांडे, रमेश बहेकर, बीआर बघेल, त्रिभुवन दुबे, रामनाथ भैसारे, सुदर्शन सेन, एमडी साहू, श्यामलाल महोबिया, कंवलराम साहू, केशव साहू, महेश सुधाकर, भागचंद चन्द्रवंशी, एडी मानिकपुरी, बालाराम सहित अन्य उपस्थित थे।

## पेज 9 के शेष

### साजा में हास्य शैली ...

ये रहे उपस्थितः इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष हिमांशु वर्मा, उपाध्यक्ष प्रेरणा सिंह, युवा समाजसेवी लाल शौर्यजीत सिंह, वार्ड पार्षद गौकरण साहू, दुर्गाराम वर्मा, ईश्वरी वर्मा, शान्ति बाई वर्मा, वीणा वर्मा, भारती वर्मा, देवकी वर्मा, कल्याणी वर्मा, ऐश्वर्य कुमार वर्मा, यमन मढ़रिया, कमल राजपूत, राम खिलावन सहित काफी संख्या में महिला-पुरुषों की उपस्थिति रही।

### कठौतिया में ओपन ...

अनरेटेड सत्यजीत टंडन, बेस्ट हैंडीकैप्डः केपी बांधे (नेत्रहीन होकर भी जबरदस्त प्रदर्शन) बने। केपी बांधे — जिन्होंने दिखाया कि हौसला सबसे बड़ी दृष्टि है इस प्रतियोगिता का सबसे प्रेरणादायक पल वह रहा, जब आंखों से न देख पाने वाले खिलाड़ी केपी बांधे ने अपने हौसले से सभी को चौंका दिया। वे प्रत्येक चाल को अपनी स्मरण शक्ति के सहारे खेलते रहे और कई अनुभवी खिलाड़ियों को चुनौती दी। अंततः उन्हें बेस्ट हैंडिकैप्ड प्लेयर का पुरस्कार मिला। आयोजकों ने कहा — बांधे जैसे खिलाड़ी यह साबित करते हैं कि खेल केवल आंखों से नहीं, बल्कि जज़्बे और मन से खेला जाता है।

**गांव से शतरंज की नई दिशा- चौहानः** जिला शतरंज संघ के अध्यक्ष ठाकुर देवेंद्र सिंह चौहान ने कहा कि ग्राम कठौतिया में लगातार दूसरे वर्ष ओपन शतरंज प्रतियोगिता आयोजित होना हमारे जिले के लिए गर्व की बात है। हमारा उद्देश्य ग्रामीण खिलाड़ियों को राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाना है। उन्होंने कहा कि आने वाले वर्षों में भी ऐसे आयोजन से ग्रामीण इलाकों की प्रतिभाओं को मंच मिलता रहेगा।

## सुलक्षणादेवी को भेजा आग्रह पत्र

**पटेवा।** घुमका परिक्षेत्र के कबीर अनुयायियों ने छोटी माता सुलक्षणा देवी के दर्शन और उनके श्री मुख से कबीर साहब के वाणी वचनों का रसपान करने की इच्छा व्यक्त की है।डीव्ही मिशन के उपप्रतिनिध हीरालाल साहू, उप महिला प्रतिनिधि अनसुईया साहू, युवा प्रतिनिधि पुनीत साहू, महंत कन्हैयादास, अनुपदास के मार्गदर्शन में गत दिनों मुरमुंदा में बैठक आयोजित की गई थी। बैठक में कबीर पंथ के अनुयायी नंदकिशोर साहू, महंत नीलदास, योगेश्वरी साहू को अर्जी देते हुए छोटी माता सुलक्षणा के प्रवास की कड़ी बनाने का निवेदन किया है। अर्जी सौंपने के दौरान आदित्य प्रकाश साहू, हलधर साहू, नूतन साहू, लीला राम साहू, पोषण साहू, मुरलीप्रसाद साहू, फत्ते साहू, उमाबाई साहू मौजूद थे।

## आचार्यों को गणित का प्रशिक्षण



**तुमड़ीबोड़।** संकुल केंद्र अर्जुनी का आवर्ती प्रशिक्षण एवं दीपावली मिलन कार्यक्रम रविवार को स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर में आयोजित किया गया। इस दौरान 30 आचार्य और दीदियों को गणित एवं वैदिक गणित का प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान जिला समन्वयक पूनमचंद साहू एवं संकुल प्रमुख डामनदास जोशी उपस्थित थे।




विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### युकां की प्रदेश प्रवक्ता बनी प्रीति ठाकुर



**कुण्डा।** छत्तीसगढ़ प्रदेश युवा कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी अमित पठानिया, सह प्रभारी डॉ. मोनिका मंडरे, प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा के निर्देशानुसार प्रदेश प्रभारी महामंत्री गुलजेब अहमद ने कबीरधाम जिले के श्रीमती प्रीति ठाकुर को प्रदेश प्रवक्ता नियुक्त किया गया है। श्रीमती प्रीति ठाकुर कुण्डा के समीप खैलटुकरी गांव की निवासी है। श्रीमती प्रीति ठाकुर पूर्व में इंटक कांग्रेस के जिलाध्यक्ष व जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री की बखूबी जिम्मेदारी निभा चुकी है।

### वोटर्स की शंका समाधान के लिए हेल्प डेस्क शुरू

**कवर्धा।** आगामी नामावली निर्वाचन विशेष गहन पुनरीक्षण-2025 के तहत कलेक्ट्रेट में मतदाताओं की सहायता के लिए निर्वाचन हेल्प डेस्क की स्थापना की गई है। हेल्प डेस्क का दूरभाष क्रमांक 07741-233003 जारी किया गया है। इस पर नागरिक अपने मतदान संबंधी प्रश्नों, आपत्तियों और सुझावों के लिए संपर्क कर सकेंगे। इस व्यवस्था की निगरानी अपर कलेक्टर व उप जिला निर्वाचन अधिकारी नरेन्द्र पैकरा कर रहे हैं। हेल्प डेस्क की इस पहल से मतदाताओं को नामावली से जुड़ी समस्याओं के समाधान और मार्गदर्शन के लिए एक ही स्थान पर त्वरित सहायता मिल सकेगी।

### फसल परिवहन में सबसे बड़ा रोड़ा बन रहीं खस्ताहाल सड़कें, किसान चिंतित



**कवर्धा/कोलेगांव।** प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा हर साल की तरह इस साल भी 15 नवम्बर से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का ऐलान कर दिया गया है। इसी के साथ जिले के दोनों सहकारी शक्कर उत्पादक कारखानों तथा जिले भर में संचालित सैकड़ों निजी गुड़ फैक्ट्रियों में भी गन्ना पेराई का कार्य शुरू हो जाएगा। किसान अब खेतों से धान और गन्ना निकालने की तैयारी में जुट चुके हैं। लेकिन इन तैयारियों के बीच जिले के ग्रामीण अंचलों की खस्ताहाल और जर्जर सड़कों ने एक बार फिर किसानों की चिंता बढ़ा दी है। किसानों का कहना है कि खेत खलिहान से धान खरीदी केन्द्र या शक्कर कारखाना अथवा गुड़ फैक्ट्री तक फसल पहुंचाने में सबसे बड़ी बाधा यही टूटी-फुटी सड़कें हैं, जिन पर परिवहन करना किसी चुनौती से कम नहीं है। ग्रामीण क्षेत्रों की कई प्रमुख सड़कों की हालत इस कदर खराब है कि ट्रैक्टर या ट्रक लेकर गुजरना तो दूर, पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। बारिश के मौसम में बने गड्ढों को अब तक न तो भरा गया है और न ही मरम्मत का कोई कार्य शुरू हुआ है। यही वजह है कि किसानों को हर साल फसल परिवहन के समय भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। कई बार तो इन खराब सड़कों के कारण वाहन पलटने जैसी दुर्घटनाएं होती हैं, जिनमें किसानों को अपनी जान तक गंवानी पड़ जाती है। किसानों ने बताया कि जिले के विकासखण्ड पंडरिया क्षेत्र में सड़कों की स्थिति सबसे ज्यादा दयनीय है।

**परेशानी :** छत और दीवारों में दरारें, कभी भी हो सकता है बड़ा हादसा

# जर्जर आंगनबाड़ी भवन में नौनिहालों की सुरक्षा पर बड़ा खतरा

**आंगनबाड़ी सहायिका ने भवन बंद कर सुधार की मांग की, प्रशासन से कोई पहल नहीं**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा/बेरला

एकीकृत बाल विकास परियोजना बेरला अंतर्गत आने वाले आंगनबाड़ी केंद्र चेटवा क्रमांक-1 खतरे में नौनिहाल जर्जर भवन से कभी भी बड़ी दुर्घटना होने की संभावना बनी हुई है। आंगनबाड़ी केंद्र चेटवा के क्रमांक-1 में बालिका-11 और बालक-11 कुल 22 छोटे-छोटे बच्चे की संख्या में उपस्थित होते है। वही जर्जर भवन होने के कारण सहायिका कांति देवी ने प्राथमिक स्कूल के रसोईया कक्ष की मांग कर व्यवस्था में चला रहे है। साथ ही एकीकृत बाल विकास परियोजना बेरला के संबंधित आला अधिकारी व ग्राम पंचायत चेटवा को इस समस्या को लेकर जानकारी दी गई कि आंगनबाड़ी केंद्र जर्जर हो गए है। जिससे कभी भी बड़ी दुर्घटना व हादसा होने की संभावना बनी हुई है।

पिछले कई बार छत के प्लास्टर गिर चुके है। बच्चे नहीं थे इसलिए खतरा टल गई। अगर बैठे रहते और छत के प्लास्टर गिर जाते तो बड़ा हादसा हो सकता था। इसलिए आंगनबाड़ी केंद्र में ताला लगा दिया गया ताकि यहां कोई जा न पाए। साथ ही डिस्मेंटल व जीर्णोद्धार के लिए आवेदन किया गया लेकिन अब तक कोई परिणाम नहीं आया। एक तरफ नानम प्रकार के योजनाओं पर शासन प्रशासन की योजनाएं सुर्खियों पर






कार्य करते है लेकिन सवाल ये उठ रहे है कि जर्जर भवन में शिक्षा दीक्षा दिया जाता है। वही कमजोर स्थिति व जर्जर होने पर ध्यान नहीं देना हादसा को आमंत्रण दिया जा रहा है। इस पर कोई पहल नहीं होना अपने आप में सवाल बन गए है। बच्चों के लिए अच्छे विकास, पोषण और आरंभिक शिक्षा के पीछे बहुत बड़े पैमाने पर पैसे बहा रही है। इस काम के लिए कई योजनाएं भी चलाई जा रही है। ऐसे में बहुत सारे आंगनबाड़ी तो सुचारु रूप से संचालित होते हैं, लेकिन कई ऐसे आंगनबाड़ी केंद्र भी हैं, जिनकी स्थिति देखकर प्रशासन की व्यवस्थाओं पर सवालिया निशान लग जाते है।

### अव्यवस्थाओं की मार झेल रहा आंगनबाड़ी केंद्र

गौरतलब है कि बेरला ब्लॉक के ग्राम चेटवा की सच्चाई देखने को मिलेगा। जहां आंगन बाडी केंद्र 1 की भवन जर्जर स्थिति होने पर बच्चे के सिर पर खतरा मंडरा रहे है। जिसे आला अधिकारी नजर अंदाज कर रहे है। उन्हीं में से एक है, जो अव्यवस्थाओं की मार झेल रहा है, जिस भवन में आंगनबाड़ी केंद्र चल रहा है। वह खंडहर में तब्दील हो चुका है। आंगनबाड़ी केंद्र का भवन जर्जर हो चुका है। इसके बाद भी इस भवन में आंगनबाड़ी चल रही है। इस भवन की छत और दीवारों में मोटी-मोटी दरारें आ गई है। इससे दीवारें कमजोर पड़ने लगी है। बारिश के मौसम में इसकी हालत और भी खराब हो जाती है। भवन की छत टपकती है। फर्श पर पानी भी जमा हो जाता है। ऐसी हालत में केन्द्र का सुचारू रूप से संचालन कर पाना अपने आप में एक चुनौती हो जाती है। वही बारिश के समय छत से पानी टपकने के कारण आंगनवाड़ी मे रखा सामान और कॉपी किताबें भीग जाती है। आंगन बाड़ी केंद्र की जर्जर छत के गिरने से होने वाले बच्चों के हादसे का शिकार होने का खतरा बना रहता है।



# मोंथा तूफान का असर अंचल के मौसम में

## 28 व 29 को तेज बारिश की संभावना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

इन दिनो बंगाल की खाड़ी के ऊपर बने निम्न दबाव के क्षेत्र का विपरीत प्रभाव कबीरधाम जिले के मौसम में भी साफ दिखाई दे रहा है और कवर्धा सहित अंचल में तेज हवाओं के साथ हल्की तेज बारिश देखने को मिल रहा है। जानकारी के मुताबिक बंगाल की खाड़ी के ऊपर बना निम्न दबाव का क्षेत्र गत रविवार को और अधिक निम्न दबाव वाले क्षेत्र में तब्दील हो गया। इस यह चक्रवात को मोंथा नाम दिया गया है जो धीरे-धीरे ओड़िया के पूर्वी तट की ओर बढ़ रहा है। इस मोंथा तूफान को लेकर ओड़िशा सरकार ने सभी 30 जिलों को अलर्ट पर रखा है। बताया जाता है कि पश्चिम बंगाल में भी तूफान का असर देखने को मिलेगा।

- बेमौसम बारिश हुई तो किसानो को हो सकता है भारी नुकसान

मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक मोंथा तूफान का असर छत्तीसगढ़ राज्य में भी पड़ेगा और यहां 28 एवं 29 अक्टूबर को भारी बारिश की संभावना जताई गई है। माना जा रहा है कि अगर मौसम वैज्ञानिकों की भविष्यवाणी सत्य साबित होती है और छत्तीसगढ़ में भारी बारिश होती है तो निश्चित रूप से इसका सबसे ज्यादा नुकसान किसानो को उठाना पड़ सकता है क्योंकि इस समय या तो किसानो की पकी पकाई धान की फसल खेतों में खड़ी या फिर उसकी कटाई शुरू हो चुकी है।

# डिप्टी सीएम आज देंगे 50 स्कूलों में आधुनिक स्मार्ट क्लास की सौगात

## जिले के 22 हजार से अधिक विद्यार्थी होंगे लाभान्वित

- विज्ञान और गणित जैसे जटिल विषयों की पढ़ाई होगी आसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



शिक्षा के डिजिटलीकरण की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा कबीरधाम जिले के शासकीय स्कूलों को अत्याधुनिक तकनीक से सुसज्जित करने जा रहे हैं। उप मुख्यमंत्री मंगलवार को ग्राम बिरकोना से कवर्धा विधानसभा के 50 स्कूलों में एक साथ स्मार्ट क्लास सुविधा का शुभारंभ करेंगे।

इन स्मार्ट क्लासों से मिडिल, हाई तथा हायर सेकेंडरी स्तर पर अध्ययनरत लगभग 22 हजार से अधिक विद्यार्थियों को प्रत्यक्ष रूप से आधुनिक एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का लाभ मिलेगा। स्कूलों में स्मार्ट क्लास की स्थापना से अब तक पारंपरिक ब्लैकबोर्ड आधारित पढ़ाई करने वाले ग्रामीण विद्यार्थियों को डिजिटल बोर्ड, इंटरएक्टिव कंटेंट और मल्टीमीडिया आधारित शिक्षण जैसी अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी। विशेष रूप से विज्ञान एवं गणित जैसे जटिल विषयों को समझने में यह तकनीक बड़ी सहायता सिद्ध होगी, जिससे विद्यार्थियों की अवधारणाएँ मजबूत होंगी तथा परीक्षाओं में परिणाम भी बेहतर होंगे। स्मार्ट क्लास में अध्यापन के दौरान विषय विशेष की एनिमेटेड वीडियो, थ्री-डी मॉडल और लाइव डेमो सामग्री का उपयोग किया जाएगा। इससे विद्यार्थियों में पढ़ाई के प्रति रुचि बढ़ेगी और दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों के



बच्चे भी बड़े शहरों के स्कूलों की तरह तकनीकी शिक्षा से जुड़ सकेंगे। प्रदेश सरकार का स्पष्ट लक्ष्य है कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का लाभ समाज के अंतिम छोर पर खड़े विद्यार्थी तक पहुँचाया जाए। इसी दिशा में कार्य करते हुए आने वाले समय में कवर्धा जिले के स्कूल को चरणबद्ध तरीके से स्मार्ट क्लास सुविधा से जोड़ा जाएगा। स्मार्ट क्लास का यह शुभारंभ न केवल एक तकनीकी पहल है, बल्कि जिले के शिक्षा जगत में डिजिटल क्रांति की ऐतिहासिक शुरुआत मानी जा रही है। यह व्यवस्था छात्रों को पारंपरिक पद्धतियों के साथ आधुनिक तकनीक से जोड़कर शिक्षा को और अधिक प्रभावी, रोचक एवं भविष्य उन्मुख बनाएगी।

### इन स्कूलों में शुभारंभ

जिले के 50 स्कूलों में एक साथ स्मार्ट क्लास सुविधा का शुभारंभ होगा। जिसमें स्वामी करपात्री उच्चतर माध्यमिक शाला कवर्धा, स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल कवर्धा, स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल पिपरिया, उच्चतर माध्यमिक शाला रवेली, उच्चतर माध्यमिक शाला बिरकोना, स्वामी आत्मानंद हिन्दी माध्यम स्कूल कवर्धा, उच्चतर माध्यमिक शाला बम्हनी, उच्चतर माध्यमिक शाला कोको, उच्चतर माध्यमिक शाला सोनपुरीरानी, उच्चतर माध्यमिक शाला जेवहनखुर्द, स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल कचहरीपारा कवर्धा, स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल बोड़ला, स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल पोंड़ी, उच्चतर माध्यमिक शाला खैरबनाकला उच्चतर माध्यमिक शाला सारंगपुर कला, उच्चतर माध्यमिक शाला राजानवागांव, उच्चतर माध्यमिक शाला दलदली, स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल चिल्फी, उच्चतर माध्यमिक शाला तरेगांव जंगल, उच्चतर माध्यमिक शाला झलमला, उच्चतर माध्यमिक शाला रेंगाखारकला, उच्चतर माध्यमिक शाला उसरवाही, उच्चतर माध्यमिक शाला सिंघारी, उच्चतर माध्यमिक शाला कुसुमघटा, उच्चतर माध्यमिक शाला खरहट्टा, उच्चतर माध्यमिक शाला मड़मड़ा, उच्चतर माध्यमिक शाला महराजपुर, उच्चतर माध्यमिक शाला समनापुर, उच्चतर माध्यमिक शाला खारा, उच्चतर माध्यमिक शाला जुनवानी जंगल, भोरमदेव कन्या परिसर महराजपुर, उच्चतर माध्यमिक शाला सोनारी, उच्चतर माध्यमिक शाला रक्से, उच्चतर माध्यमिक शाला सिल्हाटी, स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल स. लोहारा, उच्चतर माध्यमिक शाला सूरजपूरा वन, हाईस्कूल कोयलारी, हाईस्कूल बरबसपुर, हाईस्कूल बारदी, हाईस्कूल अमलीडीह, हाईस्कूल नेवारी, हाईस्कूल पथर्रा, हाईस्कूल छिरहा, हाईस्कूल मिनमिनिया मैदान, हाईस्कूल बेंदरची, हाईस्कूल रौचन, हाईस्कूल बैहरसरी, हाईस्कूल छीरबांधा, हाईस्कूल खोलवा, हाईस्कूल राम्हेपुर के स्कूल शामिल है।

# मित्रता भगवान श्री कृष्ण व सुदामा जैसी हो: आचार्य नृसिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पाण्डातराई

सिद्धपुर नवागांव में चल रही नौ दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के छठवें दिन की कथा व्यास में आचार्य नृसिंह गोस्वामी ने विभिन्न प्रसंगों पर प्रवचन दिए। उन्होंने छठवें दिन कृष्ण के अलग-अलग लीलाओं का वर्णन किया गया। व्यासपीठ ने कहा कि मां देवकी के कहने पर छह पुत्रों को वापस लाकर मां देवकी को वापस देना सुभद्रा हरण का आख्यान कहना एवं सुदामा चरित्र का वर्णन करते हुए कथा व्यास आचार्य नृसिंह गोस्वामी ने बताया कि मित्रता कैसे निभाई जाए यह भगवान श्री कृष्ण सुदामा से समझ सकते हैं। उन्होंने कहा कि सुदामा अपनी पत्नी के आग्रह पर अपने मित्र (सखा) से सुदामा मिलने के लिए द्वारिका पहुंचे। उन्होंने कहा कि सुदामा द्वारिकाधीश के महल का पता पूछा और महल की ओर बढ़ने लगे द्वार पर द्वारपालों ने सुदामा को



भिक्षा मांगने वाला समझकर रोक दिया। तब उन्होंने कहा कि वह कृष्ण के मित्र हैं। इस पर द्वारपाल महल में गए और प्रभु से कहा कि कोई उनसे मिलने आया है।अपना नाम सुदामा बता रहा है। जैसे ही द्वारपाल के मुंह से उन्होंने सुदामा का नाम सुना प्रभु सुदामा सुदामा कहते हुए तेजी से द्वार की तरफ भागे सामने सुदामा सखा को देखकर उन्होंने उसे अपने सीने से लगा लिया। सुदामा ने भी कन्हैया कन्हैया कहकर उन्हें गले लगाया और सुदामा को अपने महल में ले गए ओर उनका अभिनंदन किया। इस 2श्य को देखकर श्रोता भाव विभोर हो गए। उन्होंने सुदामा और कृष्ण की झांकी पर फूलों की वर्षा की इसके बाद पाठक परिवार द्वारा प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर उनके साथ उनके परिवार के सदस्य परितोष पाठक,नदी घोष पाठक, सुबोध पाठक,सोमेश पाठक, सहित भारी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# छत्तीसगढ़ का गौरव बने पुष्पराज सिंह ठाकुर, मिला मैसेंजर ऑफ पीस अवॉर्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ के युवा समाजसेवी पुष्पराज सिंह ठाकुर ने एक बार फिर राज्य का नाम रोशन किया है। वे छत्तीसगढ़ के प्रथम रोवर स्काउट बने हैं जिन्हें भारत स्काउट्स एवं गाइड्स राष्ट्रीय मुख्यालय, नई दिल्ली द्वारा मैसेंजर ऑफ पीस (शांति दूत पुरस्कार) से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान गत 26 अक्टूबर को कर्नाटक के मुदबिदरी, मैंगलोर में आयोजित भव्य पुरस्कार वितरण समारोह में प्रदान किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पीजीआर सिंधिया, राज्य प्रमुख आयुक्त कर्नाटक भारत स्काउट्स एवं गाइड्स उपस्थित थे। कार्यक्रम में मधुसूदन एएस, एडिशनल इंटरनेशनल कमिश्नर, अनलेंद्र शर्मा सहित अन्य गणमान्य अतिथि भी मौजूद रहे। पिछले एक दशक से अधिक समय से पुष्पराज सिंह ठाकुर स्काउट के रूप में सक्रिय सेवा दे रहे हैं। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण, युवा जागरूकता, आपदा प्रबंधन और सामुदायिक विकास जैसे क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य किए हैं। उनके नेतृत्व में चलाए गए अनेक जनसेवा अभियानों ने स्थानीय समुदायों में सकारात्मक बदलाव लाया है। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स राष्ट्रीय मुख्यालय ने पुष्पराज सिंह ठाकुर के निरंतर प्रयासों और सेवा भावना की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे युवा संगठन की सच्ची पहचान हैं, जो समाज में परिवर्तन लाने की प्रेरणा देते हैं। यह सम्मान न केवल पुष्पराज सिंह ठाकुर के लिए, बल्कि संपूर्ण छत्तीसगढ़ राज्य के लिए गर्व का क्षण है, जिसने सदैव सेवा, अनुशासन और सद्भाव के मूल्यों को आगे बढ़ाने में अग्रणी भूमिका निभाई है। इस अवसर पर राज्य मुख्य आयुक्त इंद्रजीत सिंह खालसा एवं राज्य सचिव जितेंद्र कुमार साहू ने पुष्पराज सिंह ठाकुर को बधाई दी। वहीं जिला संघ अध्यक्ष शेखर बक्शी, जिला मुख्य आयुक्त रूपेश जैन, जिला शिक्षा अधिकारी एफआर वर्मा, रोवर स्काउट लीडर विजय कुमार साहू तथा समस्त जिला संघ सदस्यों ने भी शुभकामनाएं प्रेषित कीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# नशे के कारोबार, जुआ-सट्टा पर लगाएंगे अंकुश: एसपी अंकिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

नवपदस्थ पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा ने कहा कि पुलिस द्वारा असामाजिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने का प्रयास होगा। वहीं बेहतर पुलिसिंग, कानून व्यवस्था को सुदृढ बनाने एवं अपराध व नशे का कारोबार, जुआ-सट्टा एवं महिला संबंधी अपराधों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा ने पत्रकारवार्ता में कहा कि यह प्रयास होगा कि जिले को बेहतर कार्य दे सके। समस्त थाना क्षेत्रों में उस क्षेत्र की समस्याओं की जानकारी लेकर समाधान का प्रयास किया जाएगा। गलत कार्यों में अंकुश लगाया जाएगा। उन्होंने कहा कि बेसिक पुलिसिंग, बदमाशों का नाम सूचीबद्ध करने, साइबर क्राईम पर जागरूकता लाने, महिला सुरक्षा को लेकर बेहतर प्रयास किया



जाएगा। शहर की ट्रैफिक व्यवस्था को बेहतर बनाने कार्य किए जाएंगे।


इसके बाद पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभागार में जिले के समस्त राजपत्रित पुलिस अधिकारी एवं थाना व चौकी प्रभारियों की बैठक लेकर उन्हें उनके थाना, चौकी क्षेत्र के संबंध में बेसिक जानकारी, आपराधिक रिकॉर्ड और महत्वपूर्ण अपराध की संक्षिप्त जानकारी लेकर उन्हें जुआ, सट्टा, अवैध शराब, गांजा, चाकूबाजी, गुंडा बदमाश व आसामाजिक तत्वों पर सख्त कार्रवाई करने हेतु निर्देश दिया गया।

एजेन्सी देना है...
हरिभूमि समाचार पत्र को
बेमेतरा जिला के अंतर्गत नांदघाट, मारो में एजेंसी देना है
समाचार लिखने, विज्ञापन एवं प्रसार में लक्ष्य प्राप्त करने वाले व्यक्ति को प्राथमिकता। सुरक्षा राशि जमा करने में सक्षम व्यक्ति संपर्क करें।
हरिभूमि कार्यालय, बेमेतरा
रायपुर रोड, सुंदर नगर चाचा प्रॉपर्टी के नीचे, बेमेतरा
मो. 8319154342
हरिभूमि कार्यालय, रायपुर
धमतरी रोड, रायपुर (छ.ग.)
मो. 8224868411

# बाजार में हरी सब्जी की आवक कम होने से आसमान छू रहे दाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

किसानो के खेत एवं बाड़ियों से हरी सब्जी की कम आवक के कारण इन दिनो सब्जियों के भाव आसमान छू रहे हैं। जिसका सीधा असर लोगों के जायके के साथ बजट पर पड़ रहा है। पिछले करीब एक डेढ़ माह से हरी सब्जियों बढ़े हुए दामों को लेकर सब्जी विक्रेताओं का कहना है हाल के महिने में हुई भारी बारिश के चलते सब्जी के उत्पादन पर जबरदस्त प्रभाव पड़ा है। किसानो द्वारा अपने खेतों और बाडियों में जो सब्जी के थरहा रोपे थे वे भारी बारिश में नष्ट हो गए। उन्होंने बताया कि यह स्थिति सिर्फ कवर्धा जिलेभर



में नहीं बल्कि पूरे प्रदेश का कमोबेश यही हाल है। जिसके चलते दुकानदार दूसरे जिलों से भी हरी सब्जी मंगनाने में गुरेज कर रहे हैं। एक तो पहले से सब्जियों के दाम बढ़े हुए हैं और बाहर से मंगाने में उसमें भाड़ा और जुड़ जायेगा। ऐसे में वे लोकल आवक के भरोसे ही अपना व्यवसाय कर रहे हैं। इस स्थिति में आलम ये है कि परवल, बैगन, टमाटर, फूल गोभी, बरबट्टी, करेला, भिन्डी जैसी सब्जियों के दाम आसमान छू रहे है। जिसके कारण घरों में थाली का जायका बिगड़ गया है। सब्जी बाजार से मिली जानकारी के अनुसार इस समय परवल 60-80 रुपए, करेला 60 रुपए, शिमला मिर्च 80 रुपए, बैगन 40 रुपए, फूल गोभी 80 रुपए, बरबट्टी 60 रुपए, लौकी 30 रुपए, भिंडी 30-40 रुपए, हाइब्रिड मुनगा 70-80 रुपए, टमाटर 30 रुपए, कद्दू 30 रूपए, सेमी 120 रूपए की दर से बिक रही है। दुकानदारों ने उम्मीद जताई जा रही है कि दीपावली के बाद शायद इन हरी सब्जियों के दामों में कुछ नरमी आयेगी। बहरहाल लोग सब्जियों के दाम कम होने का इंतजार कर रहे हैं।

online Booking:-www.tripuryatra.com


स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-9165 411411